## सार-समाचार

### सम्मान समारोह का आयोजन

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी के जन्म उत्सव के उपलक्ष्य में संपूर्ण देश में सेवा पखवाडा 2025 के अंतर्गत आयोजित किया जा रहे सामाजिक सरोकार के कार्यक्रमों के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जिला सवाईमाधोपुर द्वारा गंगापुर शहर के भगवती पैलेस में भव्य विशिष्टजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.भरत मथुरिया, जिला महामंत्री विनोद अटल, जिला उपाध्यक्ष उदयसिंह गुर्जर, दीपक सिंघल, सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्रधान मंजू गुर्जर, शहर मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास, डॉ.संतोष मथुरिया, मंडल अध्यक्ष सुनीता वैष्णव रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ समस्त अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने कहा कि सर्वसमाज के मार्गदर्शक अनुभवी विशिष्टजनों का सम्मान करना भारतीय संस्कृति एवं भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति का अहम हिस्सा है जिसे भाजपा द्वारा समय-समय पर पालन किया जाता है। साथ ही इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.मथुरिया, सभापति शिवरत्न अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंघल, प्रधान गुर्जर द्वारा भी विशिष्ट जन सम्मान समारोह के संदर्भ में सर्व समाज में विशिष्टजनों के द्वारा संस्कृति के वाहक के रूप में भूमिका निभाने के संदर्भ में प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ.विजेंद्र सिंह गुर्जर द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्टजनों के रूप में सम्मानित होने वालों में जगदीश गिरी, रामसिंह खटाना, राधेश्याम बुकसेलर, विशम्बर दयाल सिंघल, प्रसिद्ध राष्ट्रीय कवि गोपीनाथ चर्चित, कालूराम मास्टर, वन प्रेमी रामभरोसी जांगिड, डॉ.अनुज शर्मा, बृजमोहन अटल, सूरजमल जाट, सतीश जैन, रायसिंह बानौर बामनवास, श्याम लाल मीणा आदि का माला, शॉल, श्रीफल एवं प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया।

### एक दिवसीय शिविर आयोजित

**करौली,** (निसं)। स्थानीय वीणा मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 24 सितम्बर बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. लक्ष्मन धाकड़ ने बताया की राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित एक स्वैच्छिक कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रीय सेवा और सामाजिक कार्य से जोड़ना है। इसका आदर्श वाक्य मे नहीं आप है जो निस्वार्थ सेवा और परोपकार की भावना को दर्शाता है। इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जागरूकता, राष्ट्रीय सेवा, नेतृत्व कौशल के बारे में स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं को अवगत कराया कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भूपेंद्र पाल ने बताया कि छै की स्थापना 24 सितंबर, 1969 को राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की जन्म शताब्दी के अवसर पर की गई। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके अकादमिक जीवन के साथ-साथ समाज की वास्तविकताओं से परिचित कराना था। यह कार्यक्रम छात्रों को एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित होने का अवसर प्रदान करता है। उन्होने छै की गतिविधियों के बारे में बताते हुए कहां कि छै स्वयंसेवक विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लेते हैं जैसे आस-पड़ोस और सार्वजनिक स्थानों की सफाई करना, पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाना, अशिक्षित लोगों को पढ़ाना और उन्हें शिक्षा का महत्व समझाना, बाढ़, भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं में प्रभावित लोगों की मदद करना, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन करना। साथ ही भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय , क्षेत्रीय निदेशालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, जयपुर राजस्थान के आदेशानुसार विकसित भारत यंग लीडर्स डायलोग क्विज व एक दिवसीय शिविर मे सभी स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं का मेरा युवा भारत पोर्टल पर पंजीयन कराया।

### इलेक्ट्रॉनिक सामान हुए सस्ते

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। राज्य कर विभाग ने बुधवार को गंगापुर सिटी में बचत उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में जीएसटी 2.0 सुधारों के बारे में व्यापारियों और उपभोक्ताओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। संयुक्त आयुक्त शिवकुमार मीना ने बताया कि जीएसटी 2.0 से कर प्रणाली पारदर्शी और सरल होगी। डिजिटल माध्यम से कर भुगतान और विवरणी दाखिल करने की प्रक्रिया को सुगम बनाया गया है। इससे व्यापारियों का समय और संसाधन बचेंगे। राज्य कर अधिकारी आशीष शर्मा ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर कर दरों में कटौती की गई है। एयरकंडीशनर, 32 इंच से बडे टीवी और डिशवॉशर अब कम कीमत पर उपलब्ध हैं। इससे उपभोक्ताओं को बचत का लाभ मिल रहा है और बाजार में कारोबार बढा है। सभापति शिवरतन अग्रवाल ने कहा कि नई व्यवस्था से कर अनुपालन आसान होगा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंघल ने बताया कि सरकार के कर सुधारों से आम लोगों को सीधा फायदा मिल रहा है। विभागीय अधिकारियों ने व्यापारियों को कर विवरणी दाखिल करने, कर जमा कराने और इनपुट कर छूट की प्रक्रियाओं की जानकारी दी। उपभोक्ताओं को बताया गया कि कर दरों में कटौती का लाभ खुदरा कीमतों में मिलना चाहिए। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त माया मीना, राज्य कर अधिकारी राजेंद्र गौतम, शशिकांत शुक्ला समेत कई अधिकारी, व्यापारी और नागरिक मौजूद थे।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत

**सूरौठ,** (निसं)। अग्रवाल समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष घनश्याम गोयल पटवारी, युवा अध्यक्ष दीपक सिंघल व उपाध्यक्ष गणेश सिंघल का ब्राह्मण समाज के सदस्य पंचायत समिति सदस्य बृजेश भारद्वाज,रिंकू शर्मा, केशव शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा ने बुधवार को माला व साफा पहनाकर जोरदार तरीके से किया भव्य स्वागत सम्मान, जिसमें घनश्याम गोयल पटवारी को सर्वसम्मति से समाज का अध्यक्ष चुना गया वहीं महामंत्री देवानन्द गुप्ता उपाध्यक्ष सेवाराम गोयल कोषाध्यक्ष विष्णु मंगल भुकरावली वालों को मनोनीत किया गया इसके साथ ही युवा संगठन के चुनावों में अध्यक्ष दीपक सिंहल, महामंत्री प्रकाश गोयल , उपाध्यक्ष गौरव सिंघल कोषाध्यक्ष अनिल सिंहल जटवाड़ा वाले, मिडिया प्रभारी प्रसून मित्तल, संरक्षक राहुल गोयल एवं पिंटू गोयल को बनाया गया तथा युवा कार्यकारणी सदस्य के लिए नितिन गुप्ता,राजू गोयल, दीपक गोयल ,रवि मित्तल,राज गोयल एवं जतिन गोयल को मनोनीत किया गया सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई और समाजहित में कार्य करने की बात कही यह चुनाव अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष डाक्टर प्रभुदयाल सिंहल, केदार लाल गुप्ता, घनश्याम मंगल आदि के देख-रेख में सम्पन्न हुए । इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष सतीश जिन्दल, जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश गोयल, विष्णु मित्तल, नारायण सिंहलआदि सैकड़ों समाज के बंधू मौजूद रहे।

### यूसीईओ राजावत ने संभाला पदभार

**रूपवास,** (निसं)। स्वतंत्रता सेनानी रामचरन लाल गोयल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को नवागत यूसीईओ एवं प्रिंसिपल दिनेश राजावत ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने शिक्षकों को विद्यालय में नामांकन बढ़ाने, कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने तथा बोर्ड कक्षाओं के परिणाम सुधारने के निर्देश दिए। शिक्षाविद् हरिशंकर शर्मा ने कहा कि विद्यालय विकास के लिए शहर के भामाशाहों, व्यापारियों, दुकानदारों, सर्विसमेन व आढ़तियों की बैठक बुलाकर शीघ्र ही विकास कार्य कराए जाएंगे। यूसीईओ राजावत ने कहा कि शिक्षक बच्चों के बीच घुलमिलकर उन्हें शिक्षित करें और सरकारी विद्यालयों को निजी स्कूलों से भी बेहतर बनाएँ। उन्होंने ब्लॉक को शिक्षा में प्रदेश में पहले पायदान पर लाने का संकल्प भी जताया। इस अवसर पर गीतमसिंह, संतोष सिकरवार, सुभाष चंद, राजकुमार, गिरधारी लाल, अनिता वर्मा, रितु कुमारी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### शैक्षिक अधिवेशन 26 से

**करौली**, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का जिला स्तरीय अधिवेशन स्थानीय संघ करौली नंबर 1 स्कूल भूड़ारा बाजार में आयोजित किया जावेगा अधिवेशन का शुभारम्भ 26 से 27 सितंबर को जिला कार्यकारिणी के चुनाव कराए जाएंगे। प्रदेश द्वारा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास पाराशर को चुनांव पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष मुकेश सारस्वत ने बताया कि अधिवेशन प्रातः 10:30 बजे से आयोजित होगा जिसमेंओ पी एस पूर्ण रूप से लागू करने,8वे वेतनमान आयोग का गठन करने, सभी संवर्गों के स्थानांतरण तृतीय श्रेणी सहित करने, सभी संवर्गों की डीपीसी करने ,बीएड इंटर्नशिप के दौरान पूर्ण वेतन देने ,दो वर्षीय परीक्षा काल में समस्त परिलाभ नियुक्ति तिथि से देने, सेवारत अध्यापक के लिए परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने ,बोर्ड परीक्षा में 40 प्रतिशत की अनिवार्यता आदि समस्या का विचार विमर्श करके प्रस्ताव पारित किए जाकर राज्य सरकार को भिजवाए जाएंगे। इस अवसर पर संघ के सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान भी किया जावेगा।

# शहरी सेवा शिविर का किया निरीक्षण, पट्टे बांटे

**सवाई माधोपुर**, (निसं)। प्रदेश में आयोजित शहरी सेवा शिविर 2025 आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव का प्रतीक बन रहे हैं। देवारायण बोर्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश भड़ाणा एवं सम्भागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी ने बुधवार को नगर परिषद सवाई माधोपुर नगर परिषद के वार्ड संख्या 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 17, 54, 55, 56 के कलेक्ट्रेट के पीछे मानटाउन विद्यालय में आयोजित शिविर का निरीक्षण कर जनता से संवाद स्थापित कर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का हाथों-हाथ लाभ प्रदान किया।

शहरी सेवा शिविरों में देवारायण बोर्ड अध्यक्ष एवं सम्भागीय आयुक्त ने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने स्टॉलवार विभागों द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी लेकर आमजन को योजनाओं के बारे में अधिकाधिक जागरूक कर लाभान्वित करने को कहा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में यह अभियान सुशासन और पारदर्शिता की ऐसी तस्वीर पेश कर रहा है, जिसमें प्रशासन जनता के द्वार पर खड़ा है।

उन्होंने आमजन की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही स्ट्रीट लाइट, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, जनाधार, सफाई एवं आवारा पशु संबंधी प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों में जिला प्रशासन, नगरीय निकायों के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से यह अभियान और अधिक प्रभावी बन रहा है। अधिकारी व कार्मिक इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतें।

बोर्ड अध्यक्ष ने नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में भाग लेकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं और अपने जीवन को सशक्त एवं समृद्ध बनाएं। उन्होंने कहा की शहरी सेवा शिविर 2025 ने यह साबित कर दिया है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार का उद्देश्य केवल घोषणा तक सीमित नहीं है, बल्कि 'जनसेवा को जनआंदोलन' में बदलना है।

पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा किप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी की दरों में कमी कर के प्रत्येक वर्ग को दीवाली का उपहार दिया है, जिसके लिए हम सभी उनका आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि टैक्स स्लैब में कमी होने से आमजन की क्रय शक्ति बढ़ेगी व देश की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।इस दौरान नगर परिषद सभापति जयप्रकाश सामरिया ने शिविरों का लाभ उठाने के लिए आमजन से अपील की एवं क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मुख्य अतिथियों ने शिविर में मृतक सफाई कर्मचारी सुगल के पुत्र किशोर कुमार अनुकम्पा नियुक्ति प्रमाण पत्र, श्रीकान्त पाण्डेय एवं जानकी जैन को ट्रेड लाईसेंस, आयशा गुर्जर को संशोधित जन्म प्रमाण पत्र, हनुमान लोढ़ा को संशोधित पट्टा, भरतलाल को पट्टा वितरण, डॉ. पवन आई हॉस्पिटल को फायर एनओसी, एसएस फूड एक्सप्रेस सर्विस को ट्रेड लाईसेंस, मृतक आश्रितों को पट्टे, जन्म-मृत्यु पंजीयन सर्टिफिकेट सहित अनेक कार्यों के प्रमाण पत्र सौंपे। इस दौरान जिला कलक्टर काना राम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, नगर परिषद आयुक्त देवेन्द्र जिन्दल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और आमजन उपस्थित रहे।

25 सितंबर को यहां आयोजित होंगे शहरी सेवा शिविर :- नगर परिषद क्षेत्र सवाई माधोपुर में वार्ड संख्या 15, 16, 18, 19 के शिविर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बम्बोरी में, नगर परिषद क्षेत्र गंगापुर सिटी में वार्ड संख्या 16 से 20 के शिविर रा.उ.प्रा.विद्यालय नंबर 3 गंगापुर सिटी, नगर पालिका क्षेत्र बामनवास में वार्ड संख्या 5, 6, 7 के शिविर दिल्ली वालों की हवेली के पास, नगर पालिक क्षेत्र बौंली में वार्ड संख्या 6 से 8 के शिविर मुनीम जी की धर्मशाला बौंली, नगर पालिका क्षेत्र खण्डार में वार्ड संख्या 6 के शिविर नगर पालिका खण्डार में, नगर पालिका क्षेत्र वजीरपुर में वार्ड संख्या 11 एवं 12 के शिविर नगर पालिका परिसर वजीरपुर में प्रातः 9:30 बजे से सांय 6 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

## पेयजल संकट, लोग परेशान

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। पेयजल संकट विकराल रूप ले चुका है। चंबल परियोजना से जलापूर्ति बंद होने के कारण जलदाय विभाग केवल ट्यूबवेलों से पानी उपलब्ध करा रहा है। शहर के उदेई मोड, अग्रसेन कॉलोनी, वैद्य कॉलोनी, गणेश मील, नया बाजार, इस्लामपुरा और उस्मान कॉलोनी में पानी की किल्लत बनी हुई है। कई क्षेत्रों में नलों से गंदा पानी आ रहा है। इससे लोग पेट संबंधी बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। वार्ड 54 के बैरवा बस्ती क्षेत्र में पिछले 2० दिनों से नलों में पानी नहीं आया है। इस मुद्दे पर पार्षद मुहम्मद इस्माइल ने कॉलोनीवासियों के साथ जलदाय विभाग के सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। पार्षद ने सात दिन में समस्या का समाधान नहीं होने पर विभागीय कार्यालय के बाहर धरना देने की चेतावनी दी है। जलदाय विभाग के शहरी सहायक अभियंता सज्जन सिंह के अनुसार इंटेकवेल पर तकनीकी खराबी के कारण जलापूर्ति प्रभावित हुई है। विभाग वर्तमान में 72 घंटे में एक बार पानी की सप्लाई कर रहा है। उन्होंने जल्द ही व्यवस्था में सुधार का आश्वासन दिया है।

## ज्ञापन सौंपा

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। कचहरी रोड पर फैली मिट्टी से व्यापारियों और स्थानीय निवासियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। बुधवार को व्यापारियों ने उपजिला कलेक्टर व आयुक्त बृजेन्द्र मीना को ज्ञापन सौंप कर कचहरी रोड की अधूरी पडी सडुक का निर्माण करवाने एवं मिट्टी झडवाने की मांग की। नगर परिषद गंगापुर सिटी ने गणेश शोभा यात्रा के दौरान सडक के गड्ढे भरने के लिए मिट्टी डलवाई थी। कुछ मिट्टी हटाई गई, लेकिन अधिकांश हिस्सा अभी भी सडक पर मौजूद है। इससे दुकानों में दिनभर धूल का प्रवेश हो रहा है। त्योहारी सीजन में ग्राहकों को असुविधा का सामना करना पड रहा है। व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों का कहना है कि मिट्टी से स्वास्थ्य समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं।


**पश्चिम मध्य रेल**

सं. ईएल/50/एनआईटी/59 (2025-26) दिनांक 19.09.25

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्याः** ईएल/50/275/2025-26 **कार्य का नामः** कोटा मंडल के विभिन्न खंडों में स्टाफ क्वार्टरों की पुनः वायरिंग तथा मौजूदा स्टाफ क्वार्टरों में अतिरिक्त विद्युत बिंदुओं का प्रावधान, तथा मंडल रेलवे अस्पताल के एयर कंडीशनर और विद्युत आपूर्ति संवर्धन तथा सौर संयंत्र में सुधार का प्रावधान। **अनुमानित लागत (1/4 रु. में):** 2,87,85,806.47, **बयाना राशि (रु. में)** 2,93,900/-, **कार्य समाप्ति अवधिः** 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समयः** 13.10.2025 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे, ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदादाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुएली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्तें अवश्य पढ़ लें। **(हस्ता.)**

**वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)**
**पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**न्यायालय एस.डी.ओ. साहब, हिण्डौनसिटी**

**मोहरबाई आदि बनाम भौरूसिंह आदि**

**दावा / प्रार्थना पत्र टी.आई.**

यहकि उपरोक्त उनवानी दावा बावत घोषणा खातेदारी, दुरुस्ती, तकास्मा व स्थायी निषेधाज्ञा तथा उक्त उनवान का प्रार्थना पत्र अस्थायी निषेधाज्ञा न्यायालय एस0डी0ओ0 साहब के यहां वादीगण / सायलान श्रीमती मोहरबाई आदि की ओर से आप लालसिंह, जीतू पिसरान रघुवीर राजपूत, निवासी बरनाला, तहसील बामनवास, श्रीमती छानबाई पुत्री जोरावरसिंह पत्नी रामकुमार राजपूत, निवासी ग्राम नवलपुरा, तहसील राजगढ़, दिलीपसिंह, दानसिंह, शकुन्तला पत्नी मोहनसिंह, गुढ़ाबाई, कल्पनाबाई पिसरान मोहनसिंह राजपूत, भागसिंह पुत्र प्रताप राजपूत, खिल्ली उर्फ सीताराम पुत्र भग्गे, फत्ते पुत्र बाबू, शीशराम, शिवराम पिसरान धर्मसिंह, रुमाली बेवा धर्मसिंह, जातियान राजपूत, सभी निवासी ग्राम झिरना, तहसील हिण्डौन, जिला करौली आदि के विरुद्ध दायर कर रखे है, जिसमें आगामी तारीख पेशी 29.09.2025 को दावा/प्रार्थना पत्र अस्थायी निषेधाज्ञा का उत्तर देने/ विवाधकों के विनिश्चय के लिए स्वयं या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जो कि उक्त प्रकरण से सम्बंधित प्रश्नों का उत्तर दे सके और उस दिन अपनी प्रतिरक्षा या लिखित साक्ष्य दाखिल करे और ऐसे सभी दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करे। जिस पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित है तो उसे न्यायालय में पेश करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई व उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक 15/9/25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**आज्ञा से-**
**उपजिला कलेक्टर**
**हिण्डौन सिटी (करौली)**


## प्राचार्या को सौंपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। राजकीय कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोमवार को प्रदर्शन किया। विरोध महापुरुषों की प्रतिमाओं के नीचे लगी शिलालेख पट्टिकाओं पर प्रोफेसरों के नाम अंकित होने को लेकर था। एबीवीपी जयपुर प्रांत खेलो भारत सह संयोजक मनोज सैनी ने सरकारी आदेशों का हवाला दिया। राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव ने 12 मई 2022 को आदेश जारी किया था। इसमें राजकीय भवन या शिलालेख पर अधिकारियों या कर्मचारियों के नाम अंकित करने पर रोक लगाई गई थी। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा ने भी 7 जुलाई 2023 को सभी प्रिंसिपलों को इस संबंध में निर्देश भेजे थे। छात्र नेता सीताराम गुर्जर ने बताया कि कार्यकर्ता कई बार कॉलेज प्रशासन को इस मुद्दे से अवगत करा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। एबीवीपी ने 7 दिन के भीतर नाम हटाने की मांग की है। समय सीमा के बाद उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है। कार्यकर्ताओं ने कॉलेज प्रिंसिपल सुमित्रा मीणा को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में कॉलेज इकाई सचिव गुंजन शर्मा, निशा सैनी, पूजा सेन, अंशिका राजपूत, शिवसिंह गुर्जर, सुरती शर्मा, देव त्रिवेदी समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# पेयजल सुविधा के लिए 19.94 करोड़ की राशि स्वीकृत

**करौली,** (निसं)। राजस्थान सरकार के जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, जयपुर द्वारा अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत करौली जिला मुख्यालय पर शहरी क्षेत्र में पेयजल की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है।

इस योजना के तहत क्षेत्र में 31 नई ट्यूबवेल्स और 3 पानी की टंकियों के निर्माण के लिए 19.94 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। यह परियोजना करौली की जनता के लिए पेयजल की दीर्घकालिक समस्या के समाधान की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए करौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री कन्हैया लाल चौधरी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। विधायक ने कहा कि यह परियोजना न केवल करौली के शहरी क्षेत्र में पेयजल की उपलब्धता को बढ़ाएगी, बल्कि क्षेत्रवासियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। मुख्यमंत्री और मंत्री के नेतृत्व में राजस्थान सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं।बुधवार को करौली के मेला गेट पर ट्यूबवेल का उद्घाटन करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर के कर कमलों द्वारा किया गया। इस उद्घाटन समारोह में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, करौली के अधीक्षण अभियंता प्रकाश चंद मीणा, अधिशासी अभियंता विजय सिंह मीणा, सहायक अभियंता गज्जू जाटव सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह में स्थानीय जनता ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया और इस पहल के लिए अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

यह परियोजना करौली शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति की समस्याओं को दूर करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। नई ट्यूबवेल्स और पानी की टंकियों के निर्माण से न केवल पेयजल की उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि जल वितरण प्रणाली को भी अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाया जाएगा। अमृत 2.0 योजना के तहत यह पहल केंद्र और राज्य सरकार की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो प्रत्येक नागरिक तक स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल पहुंचाने के लिए है। विधायक ने इस अवसर पर कहा करौली की जनता लंबे समय से पेयजल की समस्या से जूझ रही थी। इस परियोजना के माध्यम से न केवल उनकी यह समस्या हल होगी, बल्कि क्षेत्र का समग्र विकास भी सुनिश्चित होगा। हमारी सरकार जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कटिबद्ध है। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि स्वीकृत राशि का उपयोग समयबद्ध तरीके से परियोजना को पूरा करने में किया जाएगा। विभाग द्वारा गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने की योजना है ताकि करौली की जनता को इसका लाभ शीघ्र प्राप्त हो सके। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने भी इस परियोजना को एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए सरकार और विधायक दर्शन सिंह गुर्जर के प्रयासों की सराहना की। यह परियोजना न केवल पेयजल की समस्या को हल करेगी, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास को भी गति प्रदान करेगी।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय :- राजकीय महाविद्यालय गंगापुर सिटी ( 322201 )**

Email ID:-principalggp@gmail.com

क्रमांक/2025-1635 दिनांकः-17-9-2025

**( E-tender NIB No. 02/2025-26 )**

Sealed Single Stage Two-envelopes and unconditional online Bids for Rate contract for upto 31.03.2026 provide "Un-Skilled,Semi-Skilled,Skilled And Highly skilled manpower for Government College, Gangapur City are invited from interested bidders upto 27.09.2025 at 5.00 at 5.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the Procurement Portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://spp.rajasthan.gov.in) of the state. The approximate value of the procurement is Rs. 25 Lakh.

UBN - ECD2526SLRC00268

**Principal**
**Government College,**
**Gangapur City**


# स्काउटिंग गाइडिंग सर्वांगीण विकास की पाठशाला : वर्मा

■ **स्काउट गाइड स्थानीय संघ का 59 वां वार्षिक अधिवेशन आयोजित हुआ**

**भरतपुर,** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ भरतपुर का 59 वां वार्षिक अधिवेशन मण्डल मुख्यालय भरतपुर पर आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का प्रारंभ कार्यक्रम के अध्यक्षकृष्ण कुमार अग्रवाल विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अरविंद वर्मा प्रोफेसर एम एस जे कॉलेज भरतपुर प्रेम सिंह आर्य चौयरमेन स्काउट गाइड एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, डॉ. आलोक शर्मा सहायक स्टेट कमिश्नर, प्रदीप शर्मा सहायक स्टेट कमिश्नर, राधे श्याम अग्रवाल उद्योगपति, राकेश बंसल उद्योगपति, सी.ओ. गाइड कल्पना शर्मा, देवेन्द्र कुमार मीना, नरेंद्र कुमार शर्मा, माधुरी सिंह उपाध्यक्ष, नैम सिंह पूर्व प्रचार्य केंद्रीय विद्यालय भरतपुर, संगीता फौजदार ब्लॉक शिक्षाधिकारी सेवर, जगदीश उपमन के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा का माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर स्थानीय संघ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार अठावाल ने कहा कि स्काउट गाइड संगठन बालक बालिकाओं के सर्वज्ञ विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है सचिव भानु प्रताप सिंह ने सत्र 2025 - 26 के वार्षिक प्रतिवेदन, गत वर्ष का वार्षिक अधिवेशन का कार्य व्रत एवं सत्र 2025 - 26 की वार्षिक योजना प्रस्तुत की। जिसका सर्व सम्मति से अनुमोदन किया गया। कोषाध्यक्ष पूरन चन्द ने सत्र 2025 - 26 का वार्षिक वजट एवं सत्र 2024 - 25 का आय- व्यय प्रस्तुत किया। जिसका अनुमोदन किया गया। आलोक शर्मा सहा. स्टेट कमिश्नर, राधे श्याम गोयल उद्योगपति एवं समाजसेवी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संगीता शर्मा ने स्काउट गाइड अनुशासन एवं समाज सेवा की बात कही। डॉ अरविन्द वर्मा अपने उद्बोधन में स्काउटिंग गाइडिंग सर्वांगीण विकास की पाठशाला है इसमें अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्काउट गाइड रोवर रेजंर के साथ कार्य करने तथा विभिन्न देशों प्रदेशों की संस्कृति को जानने का अवसर मिलता है। प्रेम सिंह आर्य चौयरमेन स्काउट गाइड भरतपुर ने स्काउट गाइड की प्रवृति से हम एक शानदार जीवन शैली की कला सीखते है। इसमें रहकर बच्चा खाने बनाने से लेकर सभी चीज सीखने का अवसर मिलता है। समरोह में सहायक जिला कमिश्नर दीनदयाल तिवारी प्राचार्य रेलवे स्कूल भरतपुर, रेखा शर्मा प्राचार्य हरभान सिंह प्रचार्य, रामवीर सिंह प्रचार्य, एस.सी.शर्मा प्रचार्य, राधा रानी अठावाल प्राचार्य, हवा सिंह प्रचार्य, मुकेश अठावाल प्राचार्य, प्रताप सिंह ए.एल.टी, मुरारी लाल शर्मा ए.एल.टी, आदि वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

इस अवसर पर सुनीता सैन जिला प्रशिक्षण आयुक्त, कोमल शर्मा सयुक्त सचिव, गोविंद चौधरी उप प्रचार्य, मिथलेश कुमारी व. गाइडर , गौरव सैनी सहा. सचिव, पुष्पा शर्मा, धर्मवीर सैनी रोवर लीडर, मनीष कुमार, सुमित, लखन लाल शर्मा, मुकेश, गौरव आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

## श्रीराम बारात निकली

**भरतपुर**, (निसं)। श्री रामलीला महोत्सव के चतुर्थ दिवस भगवान श्रीराम की बारात भरतपुर शहर में पूर्ण भव्यता एवं गाजे बाजे के साथ धूमधाम से निकाली गई।

बारात कला मंदिर संस्थान जहां भगवान राम की चारों भाईयों सहित संस्था अध्यक्ष ब्रजेश कौशिक, यजमान डॉ. डी.डी. गोयल, सी.एम. गुप्ता, विनोद सिंघल अंतर्राष्ट्रीय सचिव अपना घर आश्रम, प्रो. डॉ. अशोक कुमार गुप्ता एवं प्रतिनिधि संस्थान कला मंदिर द्वारा व अन्य सभी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा महाआरती की गई, से प्रारम्भ होकर बिजली घर चौराहा, मथुरा गेट, चिंताहरण हनुमान मंदिर, चौबुर्जा, गंगा मंदिर लक्ष्मण मंदिर, कोतवाली बाजार से बासन गेट होती हुई राम वाटिका मैरिज होम जहां पर चिंताहरण हनुमान सेवा समिति द्वारा सुसज्जित जनकपुरी पहुँची। रास्ते में श्रीराम बरात का पूरे बाजार में मुख्य-मुख्य स्थलों पर भगवान श्रीराम की आरती, इत्र व पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। श्रीराम बारात में महाराजा दशरथ अपने कुलगुरू वशिष्ठ के साथ सवार थे। भगवान राम-लक्ष्मण जी के साथ, भरत, शत्रुधन जी विराजमान थे, जिनकी अलौकिक छवि देखने को मिली।


| राजस्थान राजपत्र विशेषांक साधिकार प्रकाशित | RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary Published by Authority |
|---|---|

**वैशाख 19, शुक्रवार, शाके 1947 मई 09, 2025**
**Vaisakha 19, Friday, Saka 1947-May 09, 2025**
**भाग-1 (ख)**
**महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।**
**सार्वजनिक निर्माण विभाग, जयपुर**
**अधिसूचना**
**जयपुर, मई 02, 2025**

**(अन्तर्गत भूमि अर्जन, पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4 (1))**

Rajkaj 15023980- राजस्थान के राज्यपाल द्वारा भूमि अर्जन, पुर्नवासन और पुनव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के तहत राजस्थान भूमि अर्जन, पुर्नवासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 के प्रावधानुसार **राजस्थान राज्य के करौली जिले के हिण्डौन कस्बे में बाईपास सड़क मण्डरायल-करौली-हिण्डौन-महवा सड़क (एस.एच. 22) से गंगापुर-हिण्डौन-बयाना-भरतपुर सड़क (एस.एच. 01) का निर्माण** किया जाना है।

उक्त परियोजना हेतु सार्वजनिक प्रयोजनार्थ तहसील-हिण्डौन, जिला-करौली में निम्नानुसार प्रभावित गांवों में भूमि अर्जन किया जाना प्रस्तावित है।

| क्र. सं. | जिला | तहसील | गांव | सक्षम प्राधिकारी एवं भूमि अवाप्ति अधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | करौली | हिण्डौन | हिण्डौन | उपखण्ड अधिकारी, हिण्डौन |
| 2 | | | मुकन्दपुरा | |
| 3 | | | तिगरिया का पुरा | |
| 4 | | | एकोरासी | |

यह अधिसूचना जारी कर भूमि अर्जन, पुर्नवासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और यह अधिसूचना जारी कर पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4 (1) एवं राजस्थान भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम 2016 के प्रावधानों के अनुसरण में निम्न सूची अनुसार प्रभावित क्षेत्र में सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन हेतु संबंधित ग्राम पंचायत, नगरपालिका, नगर निगम या अन्य कोई स्थानीय निकाय से सम्पर्क करने एवं राजस्थान भूमि अर्जन, पुर्नवासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम 2016 के नियम 6(8) की पालना सुनिश्चित करने हेतु अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-हिण्डौन जिला-करौली (राज.) को अधिकृत किया जाता है।

भूमि अर्जन, पुर्नवासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार के अन्तर्गत भूमि अवाप्ति अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी हिण्डौन, अधिनियम 2013 की धारा 4(6) के जिला करौली संबंधित भूमि अवाप्ति अधिकारी होगें।

अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-हिण्डौन जिला-करौली (राज.) द्वारा परियोजना हेतु प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित गाँवों में सामाजिक समाघात निर्धारण राजस्थान भूमि अर्जन, पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम, 2016 के प्रावधानुसार किया जायेगा। सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रक्रिया निम्नानुसार होगा

1. संस्था द्वारा परियोजना हेतु प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित व्यक्तियों का विवरण तैयार कर सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रारूप रिपोर्ट तैयार की जावेगी।
2. कार्यवाही विवरण समुचित रूप से रिकॉर्ड किया जायेगा। प्रारूप रिपोर्ट की प्रति प्रभावित गाँवों में समुचित स्थान पर प्रदर्शित की जावेगी। तत्पश्चात् प्रभावित गांवों में पर्याप्त प्रचार-प्रसार के उपरान्त जनसुनवाई की जावेगी, जिसका की जावेगी। सामाजिक समाघात जन-सुनवाई के दौरान आए सुझावों / आपत्तियों के समूचित समाघात को शामिल कर तैयार की जावेगी।
4. सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रक्रिया प्रभावित गांवों में संबधित पंचायत / नगरपालिका के परामर्श से की जावेगी।
5. सामाजिक समाघात मूल्यांकन के दौरान किसी भी प्रकार के बल प्रयोग या धमकी का प्रयत्न इस कवायद को अछूत और शून्य बना देगा।
6. सामाजिक समाघात निर्धारण प्रक्रिया को इस अधिसूचना की तिथि से प्रारंभ किया जायेगा एवं अधिकतम 6 माह की अवधि में सम्पूर्ण करवाया जाना आवश्यक है।

सम्पर्क सूत्रः-
**सामाजिक समाघात निर्धारण ईकाई**
कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड-हिण्डौन
जिला-करौली
**सामाजिक समाघात निर्धारण एजेन्सी**
**मैसर्स थोट कंसल्टेंट, जयपुर**
**(श्री सुरेश सिंह-सोशल एक्सपर्ट)**
मोबाईल : 9929099854

**संयुक्त सचिव (पथ)**
DIPR/C/13771/2025 सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान, जयपुर


# करौली में घर में घुसकर युवक पर चाकू से किया हमला

**करौली,** (निसं)। जिले के शिकारगंज चौराहे के पास मंगलवार और बुधवार की मध्य रात्रि घर में सो रहे एक युवक पर अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। छत के रास्ते घर में घुसे हमलावरों ने सो रहे युवक को अचानक दबोच लिया और चाकू से गले पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल को तुरंत जिला अस्पताल करौली में भर्ती कराया।उन्होने बताया कि घायल युवक की पहचान पवन शर्मा पुत्र मोहन शर्मा, निवासी शिकारगंज क्षेत्र, करौली के रूप में हुई है। वह मंडरायल पंचायत समिति में संविदा पर कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है।सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस को युवक के घर पर खून से सना चाकू, फेवी क्विक और अन्य सामान बरामद हुआ है। परिजनों ने इस संबंध में हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।धोरेटा निवासी पवन शर्मा पर रात को सोते वक्त हुये जानलेवा हमले के विरोध में ब्राह्मण महासंघ ने आक्रोश व्यक्त किया है व शीघ्र ही आरोपियों के गिरफ्तार करके उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की माँग की है अन्यथा ब्राह्मण समाज को मजबूरन पुलिस-प्रशासन के खिलाफ आन्दोलन करना होगा।ब्राह्मण महासंघ करौली जिलाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा, मण्डरायल अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पण्डा, कैलाश भारद्वाज, छोटे शांडिल्य, लक्ष्मीचंद प्रेजपुरा, विष्णु डिघर्रा, प्रदेशाध्यक्ष वेदप्रकाश उपाध्याय, शान्तनु पाराशर, महेश शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, रामोतार सिमारा,बृजभूषण शर्मा, नूतन शर्मा,गजानंद शर्मा,राकेश कोंकोरिया, जिला महामंत्री सत्यनारायण महेरा ने इस जानलेवा हमले के खिलाफ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन भेज तत्काल कार्यवाही की माँग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि ब्राह्मण बालक के खिलाफ हुये जानलेवा हमले पर पूरे ब्राह्मण समाज में बहुत ही गुस्सा है,अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है यह अत्यंत दुखद स्थिति है ब्राह्मण महासंघ चाहता है कि तत्काल उन दोषियों को कानून के कटघरे में लाया जाये जिससे कि उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिल सके।अगर पुलिस प्रशासन ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी नहीं की तो पूरे राजस्थान में सरकार के खिलाफ आंदोलन किया जायेगा।